Number of Pages in Booklet : 12
पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या : 12

Number of Questions in Booklet : 100
पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या : 100

Serial No. of Booklet
पुस्तिका क्रमांक

030411

# URATPG - 2019
# HINDI
## Subject Code / विषय कोड - 03

Roll No. of Candidate / अभ्यर्थी का अनुक्रमांक : ..........

OMR Serial Number / ओ.एम.आर. क्रमांक : ..........

Signature of Candidate / अभ्यर्थी के हस्ताक्षर : ..........

Date of Examination / परीक्षा तिथि : ..........

Signature of Invigilator / वीक्षक के हस्ताक्षर : ..........

Time / समय : **Two hours** / दो घण्टे

Maximum Marks / पूर्णांक : **100**

## INSTRUCTIONS

1. Answer all questions.
2. All questions carry equal marks.
3. In this Booklet, the questions from serial no. **1** to serial no. **100** are subject specific.
4. Each question has four alternatives marked as (A), (B), (C), (D).
5. Choose only one alternative as an answer of a question.
6. If more than one answer is marked, then it will be treated as wrong answer.
7. Candidate has to darken only one circle indicating the correct answer on the OMR sheet by using **BLUE / BLACK BALL POINT PEN.**
8. There is no provision of **Negative marking**.
9. Carrying Mobile Phone in the examination hall is strictly prohibited. If any objectionable material is also found, then action will be taken as per University norms.
10. Please fill your Roll No. and other information carefully on OMR sheet. In case of any mistake on OMR sheet, candidate will be responsible.
11. If there is any difference between English and Hindi version of questions, then English version shall be correct.

## निर्देश

1. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिये।
2. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. इस प्रश्न पुस्तिका में क्रमांक **1** से क्रमांक **100** तक के प्रश्न विषय से संबंधित हैं।
4. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर हैं जिन्हें क्रमशः (A), (B), (C), (D) से अंकित किया गया है।
5. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक विकल्प उत्तर के रूप में चुनिये।
6. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न का उत्तर गलत माना जाएगा।
7. अभ्यर्थी को सही उत्तर हेतु केवल एक गोले को ओ.एम.आर. शीट पर **नीले / काले बॉल प्वाइंट पेन** से गहरा करना हैं।
8. **नकारात्मक अंक** प्रदान करने का कोई प्रावधान नहीं हैं।
9. मोबाइल फोन का परीक्षा हॉल में लाना पूर्णतया निषिद्ध हैं। साथ ही कोई भी अन्य वर्जित सामग्री मिलने पर विश्वविद्यालय के नियमानुसार कार्यवाही होगी।
10. अभ्यर्थी अपना रोल नम्बर एवं अन्य जानकारियाँ ओ.एम.आर. शीट पर सावधानी से भरें। ओ.एम.आर.शीट पर कोई भी त्रुटि होने पर उसका पूर्ण दायित्व अभ्यर्थी का होगा।
11. यदि प्रश्नों के हिंदी और अंग्रेजी रूपान्तरणों के मध्य किसी प्रकार का फर्क पाया जाता है, तब अंग्रेजी रूपान्तरण को ही सही माना जाएगा।

SAMPLE PAPER

1. 'कीर्तिलता' व 'कीर्तिपताका' के रचनाकार हैं :
(A) भट्ट केदार
(B) विद्यापति
(C) मधुकर कवि
(D) हेमचंद्र

2. आदिकाल को अत्यधिक विरोधी और व्याघातों का युग कहा :
(A) रामकुमार वर्मा
(B) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(C) अज्ञेय
(D) रामचंद्र शुक्ल

3. 'मैथिल कोकिल' के नाम से प्रसिद्ध कवि थे :
(A) अमीर खुसरो
(B) गोरखनाथ
(C) बीसलदेव
(D) विद्यापति

4. आचार्य रामचंद्र शुक्ल के अनुसार हिंदी के प्रथम महाकवि हैं :
(A) विद्यापति
(B) चंदबरदाई
(C) अमीर खुसरो
(D) जगनिक

5. पृथ्वीराज रासो को सर्वथा अप्रमाणिक मानने वाले विद्वान हैं :
(A) मिश्रबंधु
(B) कर्नल टाड
(C) हीरानंद ओझा
(D) रामचंद्र शुक्ल

6. तुलसीदास के गुरु का क्या नाम था ?
(A) नरहर्यानंद (नरहरिदास)
(B) बेनीमाधव
(C) रामानुज
(D) रामानंद

7. रामचरित मानस में कितने कांड हैं ?
(A) सात
(B) पाँच
(C) नौ
(D) दस

8. तुलसीदास की भक्ति किस भाव की है ?
(A) माधुर्य
(B) सख्य भाव
(C) दास्य भाव
(D) निर्वेद भाव

9. 'पद्मावत' की रचना किस शासन काल में हुई ?
(A) अकबर
(B) जहाँगीर
(C) औरंगजेब
(D) शेरशाह सूरि

10. पद्मावत को अन्योक्ति या समासोक्ति काव्य कहने वाले आलोचक हैं :
(A) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(B) नंददुलारे वाजपेयी
(C) रामचंद्र शुक्ल
(D) डॉ. नगेन्द्र

11. सूरदास किसके शिष्य थे ?
(A) विट्ठलनाथ
(B) चतुर्भुजदास
(C) परमानंददास
(D) वल्लभाचार्य

12. 'नरसी जी का भावरा' किसकी रचना है ?
(A) मीराबाई
(B) गुरुनानक
(C) कबीर
(D) रामानंद

SAMPLE PAPER

13. ''या लकुटी अरु कामरिया पर राज तिहुँपुर को तजि डारौ।'' किसकी पंक्ति है ?
(A) मीराबाई
(B) रसखान
(C) सूरदास
(D) रहीम

14. 'पुष्टि मार्ग का जहाज' किसे कहा जाता है ?
(A) सूरदास
(B) नंददास
(C) वल्लभाचार्य
(D) तुलसीदास

15. किस कृष्णभक्ति कवि ने कृष्ण का लीलागान गेयपदों में न कर सवैयों में किया है ?
(A) मीराबाई
(B) सूरदास
(C) कृष्णदास
(D) रसखान

16. 'भक्तिकाल' को अन्य किस नाम से भी जाना जाता है ?
(A) पूर्व मध्यकाल
(B) उत्तर मध्यकाल
(C) मध्यकाल
(D) पूर्वोत्तरमध्यकाल

17. 'ढोला मारू रा दूहा' काव्य की भाषा कौन-सी है ?
(A) मैथिली
(B) बिहारी
(C) राजस्थानी
(D) भोजपुरी

18. 'पद्मावत' में सिंहलद्वीप किसका प्रतीक है ?
(A) आत्मा
(B) तन
(C) मनीषा
(D) हृदय का

19. कबीर की रचना है :
(A) कीर्तिलता
(B) पद्मावत
(C) बीजकविता
(D) बीजक

20. बिहारी के आश्रयदाता कौन थे ?
(A) सवाई रामसिंह
(B) भवानी सिंह
(C) जय सिंह
(D) मान सिंह

21. उत्तर मध्यकाल की रीतिकाल की संज्ञा दी :
(A) मिश्रबंधु
(B) रामचंद्र शुक्ल
(C) विश्वनाथ प्रसाद मिश्र
(D) रामकुमार वर्मा

22. निम्न में से कौन रीतिबद्ध कवि **नहीं** हैं ?
(A) मतिराम
(B) बिहारी
(C) पद्माकर
(D) चिंतामणि

23. घनानंद किस धारा के कवि हैं ?
(A) रीतिबद्ध
(B) रीतिसिद्ध
(C) रीतिमुक्त
(D) भक्तिधारा

24. निम्न में से किस कवि को अलंकारवादी आचार्य कहा जाता है ?
(A) चिंतामणि
(B) पद्माकर
(C) केशवदास
(D) बिहारी

SAMPLE PAPER

25. ऋतु-वर्णन के लिए रीतिकाल के कौन से कवि प्रसिद्ध हैं?
(A) सेनापति
(B) पद्माकर
(C) घनानंद
(D) केशव

26. रीतिकालीन रामकाव्य के कवि माने जाते हैं?
(A) चिंतामणि
(B) सेनापति
(C) बिहारी
(D) देव

27. "अति सूधो स्नेह को मारग हैं।" किसकी पंक्ति है?
(A) बिहारी
(B) मतिराम
(C) देव
(D) घनानंद

28. रीतिकाल के किस कवि ने भक्ति, शृंगार और वीर तीनों में बराबर अधिकार से लिखा?
(A) सूदन
(B) भूषण
(C) लाल कवि
(D) पद्माकर

29. रीतिकाल के अधिकांश कवियों की भाषा कौन-सी थी?
(A) अवधी
(B) ब्रजभाषा
(C) बुंदेली
(D) भोजपुरी

30. कवियों का **सही** कालक्रमानुसार विकास बताइए :
(A) केशव - बिहारी - देव - पद्माकर
(B) केशव - देव - बिहारी - पद्माकर
(C) केशव - बिहारी - पद्माकर - देव
(D) बिहारी - केशव - देव - पद्माकर

31. **असंगत** कथन बताइए :
(A) केशव के संपूर्ण काव्यों की भाषा ब्रजभाषा है।
(B) केशव हिंदी के प्रथम आचार्य माने जाते हैं।
(C) केशव प्रश्नोत्तर शैली (संवादों) के बादशाह हैं।
(D) रामचंद्र शुक्ल ने केशव के ग्रंथों की संख्या आठ मानी है।

32. हिंदी में सर्वाधिक टीकाएँ किस ग्रंथ पर लिखी गई हैं?
(A) पद्मावत
(B) कामायनी
(C) प्रिय प्रवास
(D) बिहारी सतसई

33. बिहारी सतसई किस कोटि का काव्य है?
(A) प्रबंध
(B) खण्ड
(C) मुक्तक
(D) गीति

34. बिहारी सतसई में दोहों की संख्या है :
(A) लगभग 705
(B) लगभग 700
(C) लगभग 713
(D) लगभग 720

35. 'देव बड़े कि बिहारी' को लेकर आलोचकों के मध्य हुए विवाद का जन्मदाता कौन था?
(A) आचार्य रामचंद्र शुक्ल
(B) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(C) शिवसिंह सेंगर
(D) मिश्रबंधु

36. रीतिकालीन मनोवृत्ति का सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधित्व किसके काव्य में मिलता है?
(A) आलम
(B) बोधा
(C) बिहारी
(D) भूषण

SAMPLE PAPER

37. 'भूषण' वास्तविक नाम नहीं, कवि की उपाधि है, यह उपाधि किसने दी थी ?
(A) छत्रपति शिवाजी
(B) महाराज छत्रसाल
(C) सोलंकी राजा रुद्र
(D) छत्रपति साहू महाराज

38. घनानंद का सर्वाधिक प्रसिद्ध ग्रंथ है :
(A) इश्कलता
(B) सुजान हित
(C) प्रेम सरोवर
(D) सुजान सागर

39. पद्माकर का अंतिम प्रसिद्ध ग्रंथ है :
(A) जगद्विनोद
(B) पद्माभरण
(C) गंगालहरी
(D) प्रबोध पचासा

40. रीतिकाल के पतन का कारण है :
(A) अतिशय श्रृंगार वर्णन
(B) लोकमंगल की भावना का अभाव
(C) पाण्डित्य प्रदर्शन का आधिक्य
(D) भक्ति भावना का अभाव

41. आधुनिक काल को गद्यकाल की संज्ञा किसने दी ?
(A) डॉ. रामकुमार वर्मा
(B) श्री वियोगी हरि
(C) आचार्य रामचंद्र शुक्ल
(D) नंददुलारे वाजपेयी

42. मैथिलीशरण गुप्त की ख्याति का मूलाधार ग्रंथ कौन-सा है ?
(A) साकेत
(B) भारत भारती
(C) पंचवटी
(D) यशोधरा

43. 'साकेत' प्रबंध काव्य में कितने सर्ग हैं ?
(A) पाँच
(B) सात
(C) दस
(D) बारह

44. साकेत की संपूर्ण कथा का केंद्रबिंदु कौन है ?
(A) अयोध्या
(B) राम
(C) उर्मिला
(D) सीता

45. खड़ी बोली का पहला महाकाव्य कौन-सा है ?
(A) कामायनी
(B) प्रिय प्रवास
(C) साकेत
(D) लोकायतन

46. "दिवस का अवसान समीप था गगन था कुछ लोहित हो चला"- किस काव्य की आरंभिक पंक्तियाँ हैं ?
(A) कामायनी
(B) साकेत
(C) प्रिय प्रवास
(D) बाबरा आहेरी

47. प्रिय प्रवास में कितने सर्ग हैं ?
(A) 10
(B) 15
(C) 20
(D) 25

48. छायावाद की सर्वाधिक कटु आलोचना किसने की ?
(A) नामवर सिंह
(B) आचार्य रामचंद्र शुक्ल
(C) रामविलास शर्मा
(D) महावीर प्रसाद द्विवेदी

49. छायावादी कवि चतुष्ट्य में सम्मिलित **नहीं** हैं :
(A) जयशंकर प्रसाद
(B) निराला
(C) पंत
(D) मैथिलीशरण गुप्त

50. कामायनी में सर्गों की संख्या है :
(A) ग्यारह
(B) बारह
(C) तेरह
(D) पंद्रह

SAMPLE PAPER

51. जयशंकर प्रसाद की रचनाओं का सही क्रम है :
(A) झरना, आँसू, लहर और कामायनी
(B) कामायनी, लहर, आँसू और झरना
(C) आँसू, लहर, झरना और कामायनी
(D) लहर, झरना, आँसू और कामायनी

52. सुमित्रानंदन पंत को किस काव्य संग्रह के लिए 'ज्ञानपीठ पुरस्कार' मिला था ?
(A) चिदंबरा
(B) लोकायतन
(C) पल्लव
(D) गुंजन

53. सुमित्रानंदन पंत की वह रचना कौन-सी है - जिसमें छायावादी प्रवृत्ति का अंत और प्रगतिवाद का उदय मिलता है ?
(A) पल्लव
(B) युगांत
(C) वीणा
(D) उच्छवास

54. राजनीति में जो मार्क्सवाद है साहित्य में वही कहलाता है :
(A) छायावाद
(B) रहस्यवाद
(C) प्रगतिवाद
(D) प्रयोगवाद

55. 'तार सप्तक' का प्रकाशन कब हुआ था ?
(A) 1943
(B) 1944
(C) 1945
(D) 1946

56. 'तार सप्तक' में कौन-सा कवि शामिल **नहीं** है ?
(A) अज्ञेय
(B) शमशेर
(C) मुक्तिबोध
(D) नेमिचंद्र जैन

57. 'नयी कविता' का केंद्रबिंदु है :
(A) प्रकृति वर्णन
(B) निर्धनता का चित्रण
(C) शोषक वर्ग की निंदा
(D) लोक जीवन की अभिव्यक्ति

58. धूमिल की रचना है :
(A) संसद से सड़क तक
(B) कल सुनना मुझे
(C) सुदामा पांडे का प्रजातंत्र
(D) उपर्युक्त सभी

59. हिंदी का प्रथम उपन्यास है :
(A) परीक्षा गुरु
(B) भाग्यवती
(C) चंद्रकांता
(D) रानी केतकी की कहानी

60. प्रेमचंद का अंतिम और सर्वश्रेष्ठ उपन्यास कौन-सा है ?
(A) सेवासदन
(B) गबन
(C) गोदान
(D) निर्मला

61. 'शेखर एक जीवनी' उपन्यास के लेखक हैं :
(A) इलाचंद्र जोशी
(B) अज्ञेय
(C) जैनेंद्र
(D) अमृतलाल नागर

62. 'पचपन खम्भे लाल दीवारे' उपन्यास निम्नलिखित में से किस उपन्यासकार का है ?
(A) ममता कालिया
(B) शिवानी
(C) कृष्णा सोबती
(D) उषा प्रियंवदा

63. पं. चंद्रधर शर्मा गुलेरी द्वारा लिखित प्रथम कहानी है :
(A) बुद्धू का काँटा
(B) सुखमय जीवन
(C) उसने कहा था
(D) इनमें से कोई नहीं

64. 'पूस की रात' कहानी के लेखक कौन हैं ?
(A) जयशंकर प्रसाद
(B) अज्ञेय
(C) प्रेमचंद
(D) यशपाल

SAMPLE PAPER

65. 'आम आदमी की कहानी' और 'समांतर कहानी' आंदोलन किसने चलाया ?
(A) राजेंद्र यादव
(B) मोहन राकेश
(C) कमलेश्वर
(D) अज्ञेय

66. चर्चित कहानी 'तीसरी कसम' के लेखक कौन हैं ?
(A) फणीश्वरनाथ रेणु
(B) प्रेमचंद
(C) कृष्णा सोबती
(D) ज्ञानरंजन

67. 'गदल' कहानी के लेखक हैं :
(A) कमलेश्वर
(B) रांगेय राघव
(C) यशपाल
(D) शिवप्रसाद सिंह

68. हिंदी का प्रथम मौलिक नाटक कौन-सा है ?
(A) आनंद रघुनंदन
(B) नीलदेवी
(C) अंधेर नगरी
(D) प्रह्लाद चरित

69. 'औरंगजेब की आखिरी रात' के लेखक हैं :
(A) सर्वेश्वरदयाल सक्सेना
(B) डॉ. रामकुमार वर्मा
(C) रांगेय राघव
(D) शिवदान सिंह चौहान

70. आधुनिक ढंग के प्रथम एकांकीकार कौन हैं ?
(A) उपेंद्रनाथ अश्क
(B) सेठ गोविंददास
(C) रामकुमार वर्मा
(D) जगदीशचंद्र माथुर

71. 'ताँबे के कीड़े' किसकी कृति है ?
(A) भुवनेश्वर
(B) उपेंद्रनाथ अश्क
(C) रामकुमार वर्मा
(D) धर्मवीर भारती

72. 'भोर का तारा' किसका एकांकी है ?
(A) भगवतीचरण वर्मा
(B) जगदीशचंद्र माथुर
(C) रामकुमार वर्मा
(D) जयशंकर प्रसाद

73. हिंदी निबंध का जनक किसे माना गया है ?
(A) भारतेंदु हरिश्चंद्र
(B) प्रतापनारायण मिश्र
(C) सदासुखलाल
(D) बालकृष्ण भट्ट

74. ''यदि गद्य कवियों की कसौटी है, तो निबंध गद्य की'' - कथन किसका है ?
(A) रामचंद्र शुक्ल
(B) महावीर प्रसाद द्विवेदी
(C) भारतेंदु हरिश्चंद्र
(D) श्यामसुंदर दास

75. आचार्य रामचंद्र शुक्ल का प्रथम प्रकाशित निबंध कौन-सा है ?
(A) साहित्य
(B) उत्साह
(C) श्रद्धा-भक्ति
(D) करुणा

76. 'स्मृति की रेखाएँ' किसकी रचना है ?
(A) अज्ञेय
(B) महादेवी वर्मा
(C) जयशंकर प्रसाद
(D) प्रेमचंद

77. 'छायावाद' निबंध के लेखक हैं :
(A) रामचंद्र शुक्ल
(B) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(C) नंददुलारे वाजपेयी
(D) रामविलास शर्मा

78. 'तुम चंदन हम पानी' निबंध के रचनाकार कौन हैं ?
(A) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(B) कुबेरनाथ राय
(C) विद्यानिवास मिश्र
(D) आचार्य रामचंद्र शुक्ल

SAMPLE PAPER

79. 'पहिला सफेद बाल' के रचनाकार हैं :

(A) हरिशंकर परसाई

(B) शरद जोशी

(C) रवींद्रनाथ त्यागी

(D) मुक्तिबोध

80. 'ठेले पर हिमालय' किसकी रचना है ?

(A) अज्ञेय

(B) शानी

(C) धर्मवीर भारती

(D) निर्मल वर्मा

81. 'बसंत के अग्रदूत : निराला' किस विधा के अंतर्गत है ?

(A) डायरी

(B) यात्रा वृत्तान्त

(C) संस्मरण

(D) आत्मवृत्त

82. 'प्रेमचंद घर में' जीवनी के लेखक हैं :

(A) शिवरानी देवी

(B) अमृतराय

(C) जैनेंद्र

(D) नगेंद्र

83. 'अरे यायावर ! रहेगा याद' यात्रा संस्मरण के रचनाकार हैं :

(A) विष्णु प्रभाकर

(B) अज्ञेय

(C) राहुल सांकृत्यायन

(D) धर्मवीर भारती

84. हिंदी में रिपोर्ताज लेखन की परंपरा की शुरुआत किससे मानी जाती है ?

(A) निर्मल वर्मा

(B) शिवदान सिंह चौहान

(C) प्रभाकर माचवे

(D) अज्ञेय

85. 'चरण-कमल बंदौ हरि राई' में कौन-सा अलंकार है ?

(A) श्लेष

(B) उपमा

(C) रूपक

(D) अतिशयोक्ति

86. काली पंक्ति में अलंकार है :

(A) रूपक

(B) उपमा

(C) उत्प्रेक्षा

(D) श्लेष

87. 'तीन बेर खाती थी वे तीन बेर खाती हैं' – इस पंक्ति में कौन-सा अलंकार है ?

(A) अनुप्रास

(B) श्लेष

(C) यमक

(D) अन्योक्ति

88. द्रुत विलंबित और मालिनी छंद किस प्रकार के हैं ?

(A) वार्णिक छंद

(B) वार्णिक वृत्त

(C) मात्रिक छंद

(D) मुक्त छंद

89. 13 - 11 मात्राओं पर यति एवं चार चरण युक्त छंद है :

(A) दोहा

(B) रोला

(C) चौपाई

(D) सोरठा

90. "पल-पल जिसके मैं पंथ को देखती थी,
निशिदिन जिसके ही ध्यान में थी बिताती।" इस पंक्ति में अलंकार है :

(A) मालिनी

(B) चौपाई

(C) कवित्त

(D) हरिगीतिका

SAMPLE PAPER

91. स्थायी भावों की संख्या कुल कितनी है ?

(A) नौ

(B) दस

(C) ग्यारह

(D) बारह

92. ''मेरे तो गिरधर गोपाल दूसरो न कोई।

जाके सिर मोर मुकुट मेरो पति सोई॥'' इस पंक्ति में कौन-सा रस है ?

(A) शांत

(B) शृंगार

(C) करुण

(D) हास्य

93. निम्नलिखित में से किस रस में माधुर्य गुण **नहीं** होता ?

(A) शृंगार

(B) करुण

(C) शांत

(D) वीर

94. काव्य में अर्थ की स्पष्टता किस गुण की प्रधान विशेषता है ?

(A) ओज

(B) प्रसाद

(C) माधुर्य

(D) इनमें से कोई नहीं

95. शब्द शक्तियों पर विचार करते हुए निम्नलिखित में से एक आधार अमान्य है :

(A) अर्थ सम्मति

(B) ध्वनि

(C) शब्दार्थ

(D) अर्थ ज्ञान का साधन

96. व्यंजना के संबंध में कौन-सा कथन अधिक **सही** है ?

(A) व्यंजना अभिधाश्रित होती है।

(B) व्यंजना लक्षणामूला होती है।

(C) व्यंजना अभिधा लक्षण रहित चमत्कारमूला होती है।

(D) व्यंजना अभिधाश्रित लक्षणमूला होती है।

97. ''फूले फूले फिरत हैं, आज हमारो ब्याह।

तुलसी गाय बजाइ कै, देत काठ में पाँव॥''

उपर्युक्त में कौन-सी शक्ति है ?

(A) अभिधा

(B) लक्षणा

(C) व्यंजना

(D) तात्पर्या

98. 'रोला' के प्रत्येक चरण में कितनी मात्राएँ होती हैं ?

(A) 16

(B) 24

(C) 34

(D) 36

99. 'भरतमुनि' ने कौन-सा सिद्धान्त प्रतिपादित किया ?

(A) रस सिद्धान्त

(B) ध्वनि सिद्धान्त

(C) अलंकार सिद्धान्त

(D) वक्रोक्ति सिद्धान्त

100. हजारी प्रसाद द्विवेदी कृत 'बाणभट्ट' की आत्मकथा किस विधा के अंतर्गत है ?

(A) कहानी

(B) निबंध

(C) आत्मकथा

(D) उपन्यास

-oOo-

SAMPLE PAPER